दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 101 मुरादाबाद 05 August 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पहले होटल तक नहीं मिलता था, अब नई छवि के साथ आगे बढ़ रहे हैं आजमगढ़ के युवा-CM योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आजमगढ़ में 143 करोड़ रुपए की लागत वाली 50 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों में आजमगढ़ की उपेक्षा के मुद्दे को जोर शोर से उठाया। उन्ने कहा कि एक समय था कि जब आजमगढ़ के नौजवानों को बाहर रोटी-रोजगार के लिए जाते थे तो उन्हें होटल तक नहीं मिलता था लेकिन आज यहां के लोगों ने यह धारणा बदल दी है। यहां के नौजवान एक नई छवि के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को आजमगढ़ आइटीआइ मैदान में 143 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि यह जिला ऋषियों-मुनियो व साहित्यकारों की धरती रही है, लेकिन राजनीतिक संकीर्णता के कारण यहां की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिला। यहां पहचान ऐसी बन गई थी कि कहीं बाहर जाने पर उसे छिपाना पड़ता था, क्योंकि बाहर जाने पर आजमगढ़ के नाम पर कहीं



रहने के लिए कमरा नहीं मिलता था। हमने विकास के बल पर जिले की पहचान बदल दी है।मुख्यमंत्री आइटीआइ मैदान में गुरुवार को आयोजित सभा में बोल रहे थे। लोकसभा उप चुनाव में दिनेश लाल यादव निरहुआ विजयी बनाने के लिए जनता का हृदय से जताया आभार जताने के बाद उन्होंने कहा कि जिले से हमारे सांसद-विधायक भले न जीते हों, लेकिन हमने विकास के मामले में भेदभाव नहीं किया। जिले को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे दिया, जिससे अब दो घंटे में लखनऊ का सफर तय किया जा सकता है। जिले के लोगों का सपना था कि यहां विश्वविद्यालय का निर्माण, जिसे हमने पूरा कर दिया और उसका नाम महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय रखा। हस्त शिल्पियों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया। पांच लाख नौजवानों को बिना भेदभाव के नौकरी दी, तो 1.65 करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ाई हैं। ओडीओपी प्रोडक्ट के लिए कामन फैसिलिटी सेंटर दिया।उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने से ही देश व समाज में खुशहाली आएगी। यहां के जनप्रतिनिधियों ने भी कई प्रस्ताव दिए हैं, जिस पर काम होगा। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन से कहा कि एक ऐसा प्रस्ताव बनाएं जिससे ब्लैक पाटरी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार का अवसर मिले। सांसद भी डीएम के साथ बैठक करके रोजगार और विकास की रणनीति को जमीन पर उतारें।

## 'मैं नरेंद्र मोदी से डरता नहीं हूं', यंग इंडियन का ऑफिस सील करने पर बोले राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं और देश की रक्षा के लिए अपना काम जारी रखेंगे। राहुल गांधी का ये बयान ऐसे समय में आया है जब प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार के परिसर में यंग इंडियन के दफ्तर को सील कर दिया गया है। ईडी की कार्यवाई को लेकर राहुल गांधी ने कहा, वो जो चाहें कर लें। मैं डरता नहीं। उन्होंने कहा कि वह देश और लोकतंत्र की रक्षा तथा सद्भाव कायम रखने के लिए काम करते आए हैं और आगे भी करेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''सच्चाई को बैरिकेड नहीं किया जा सकता। कर लें जो करना है, मैं प्रधानमंत्री से नहीं डरता, मैं हमेशा देश हित में काम



करता रहूंगा। सुन लो और समझ लो!'इससे पहले, उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''ये धमकाने का प्रयास है। ये सोचते हैं कि थोड़ा सा दबाव डालकर हमें चुप करा देंगे, लेकिन हम चुप नहीं होने वाले हैं। नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी इस देश में लोकतंत्र के खिलाफ जो कर रहे हैं उसके विरूद्ध हम खड़े रहेंगे, चाहे ये कुछ भी कर लें। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।'' भाजपा के एक आरोप के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने कहा, ''भागने की बात कौन कर रहा है, भागने की बात वो कर रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ता।'' उन्होंने कहा, ''मेरा काम है देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश में सद्भाव को बरकरार रखना, वो मैं करता रहूंगा।'' उधर, ईडी की कार्रवाई के मुद्दे पर संसद भवन में कांग्रेस सांसदों की बैठक हुई जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक के बाद पार्टी सदस्यों ने सदनों में ईडी की कार्रवाई से जुड़े विषय को उठाया और भारी हंगामा किया। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले में अपनी कार्रवाई के तहत बुधवार को दिल्ली में 'नेशनल हेराल्ड' कार्यालय में 'यंग इंडियन' कंपनी के परिसर को %अस्थायी रूप से सील कर दिया था। कांग्रेस ने यह दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने उसके मुख्यालय, पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आवासों को घेर लिया। उसने सरकार पर ईडी के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया है। इससे पहले, ईडी ने 'नेशनल हेराल्ड' से जुड़े धनशोधन के मामले में ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की थी।

## जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतीद्रानंद गिरी ने की अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से मुस्लिम शब्द हटाने की मांग

जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतीद्रानंद गिरी ने योगी सरकार से मांग की है कि वो अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के नाम से मुस्लिम शब्द हटा दें। उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि जयंती कार्यक्रम में पहुंचे जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतीद्रानंद गिरी ने कहा कि भी कहा कि सरकार को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का नाम किसी महापुरुष के नाम पर रखना चाहिए। महामंडलेश्वर यतींद्रानंद ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में इस्लामिक स्टडीज डिपार्टमेंट द्वारा सनातन धर्म की पढ़ाई कराए जाने के फैसले का स्वागत किया है। जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि



सरकार को चाहिए कि वो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर किसी महापुरुष के नाम पर रखे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कोई भी हो उसमें धर्म संप्रदाय और पंथ नहीं होना चाहिए। विश्वविद्यालय में सिर्फ शिक्षा देने का काम होना चाहिए ताकि वहां पढ़ने वाले अच्छे और संस्कारी छात्र समाज को मिल सके। महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि ने ये भी कहा कि अगर सरकार को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का नाम बदलने में कोई दिक्कत हो तो यूनिवर्सिटी के नाम से मुस्लिम शब्द को तुरंत हटा दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि सर सैयद अहमद खान ने 1857 की क्रांति के बाद मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा को महसूस करते हुए 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की शुरूआत की थी। 1877 में सर सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना की जो 24 मई 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में बदल गया।

# काफिला फिल्म थिएटर अंकल चाय पी के जाओ ना के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस मन्नत लॉन में आयोजित की

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली- काफिला फिल्म थिएटर अंकल चाय पी के जाओ ना के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस मन्नत लॉन में आयोजित की गई एक शॉर्ट फिल्म बनाई गई है जिसका उद्देश्य है पब्लिक को दिखाना है कि एक मन बुद्धि लड़की के साथ क्या होता है हम लोग रिस्पेक्ट करते हैं और उसका क्या उद्देश्य है इस फिल्म में 3 सॉन्ग भी डाले गए हैं यह 30 मिनट की फिल्म तैयार की गई है जिसका उद्देश्य यह है कि आने वाली जनरेशन सीख लेगी कि इसमें क्या दिखाया जा रहा है और क्या हो रहा है इस फिल्म को रिलीज होने में 15 से 20 दिन का समय लगेगा और बहुत जल्दी फिल्म सितंबर की शुरुआत में रिलीज होगी इसमें मुख्य कलाकार बरेली के भी हैं दो से तीन कलाकार बाहर के भी है यहां मौजूद तो नहीं है एक कलाकार हमारे बीच मौजूद है जो बरेली के ही है इसका प्रकाशन बरेली में हो रहा है और शूटिंग भी पूरी बरेली में ही हो रही है टोटल बरेली के अंदर ऐसे जो खासतौर से हैं क्योंकि यह फिल्म के अंदर के रोल है जो हम आपको बाद में डिक्लेअर कर देंगे हर चीज दिखाएंगे क्योंकि यह फिल्म के अंदर जो भी कुछ बनाया गया है दिखाया गया है हर परिवार के साथ में बहुत ही जरूरी है और यह फैमिली बिल्कुल फैमिली ड्रामा है आराम से बैठकर फैमिली के साथ देख सकते हैं जैसे लोग आजकल भाभी जी घर पर हैं देखते हैं वह एक कॉमेडी में है यह एक हॉरर फिल्म है डिफरेंट बहुत डिफरेंट है यह 30 मिनट की फिल्म हैं निर्देशक श्री एम तनवीर जी उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल महा निर्देशक विक्रम जी कैमरामैन नफीस खान वारसी असिस्टेंट कैमरामैन सुजीत कुमार गीतकार सरशार बरेलवी दीपका नूरीन अजीजी प्रोफेसर अजीम जी उपाध्यक्ष जयपाल सिंह पटेल गायक सौरभ सक्सेना सुनीता नाजनी जान मैनेजर निक्की वर्मा शकुंतला यासमीन सुनीता सिंह उपस्थित रहे

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जिले के सोनवा थाने के रमवापुर धुम्बौझी निवासी होंसी लाल पुत्र कृपा राम की बहन 35 वर्षीय ऊषा देवी की शादी 18 वर्ष पूर्व रिसिया थाने के रमवापुर के मजरे रघवाजोत निवासी महेश कुमार पुत्र राम उदित के साथ हुई थी। ऊषा देवी से चार बेटियां व एक बेटा था। ऊषा देवी का पति महेश से तकरार होने पर उसने बहन को जमकर पीटा। आरोप है कि उसे बचाने के बजाय जेठ कमलेश व देवर राम अलख ने भी ऊषा को लाठी डंडे से जमकर पीटा था। जिससे उसके बहन की मौत हो गई। साथ ही इस घटना की सूचना दिए बगैर ही जला दिए है। यह जानकारी रिसिया थाने में देने पर पुलिस हरकत में आई। फोरेंसिक टीम को साथ लेकर दबिश दी गई। जलती हुई चिता से शव के बचे हुए अवशेष को निकाला गया। फोरेंसिक टीम के रमेश गंगवार, सैय्यद इरफान व दीपिका मिश्र ने फोरेंसिक तहकीकात की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति साफ होगी जिससे तहकीकात में मदद मिलेगी।

# 54 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के निर्देश सर्विलांस/स्वाट टीम को दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में सर्विलांस/स्वाट टीम ने खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जनपद के विभिन्न स्थानों से मोबाइलों को बरामद किया गया। सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा खोये हुए मोबाइलो की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल-54 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों जैसे- वीवों, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग रियलमी आदि मोबाइल बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने पुलिस कार्यालय में उनके स्वामियो को बुलाकर सुपुर्द किया। बरामद किए गए समस्त मोबाइलों की अनुमानित मूल्य लगभग 06 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने खोए हुए मोबाइल को बरामद करने वाली सर्विलांस/स्वाट टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

# जिलाधिकारी ने बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर ''विटामिन 'ए' सम्पूरक'' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती-09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक आच्छादन हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विटामिन 'ए' सम्पूरक कार्यक्रम का कलेक्टेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया। उन्होने बताया है कि प्रत्येक वर्ष दो चरणों में छः माह के अन्तराल पर विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाता है। विटामिन 'ए' एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की 9 खुराक दिये जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है और वे स्वस्थ व पोषित रहते हैं। उन्होने बताया कि 03 अगस्त, 2022 से आगामी एक माह तक माइकोप्लान के अनुसार छाया वी.एच.एन.डी./यू.एच.एन.डी. सत्रों के माध्यम से 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को नियमानुसार विटामिन ''ए'' से आच्छादित किया जाना है। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना बनाकर सभी लक्षित लाभार्थियों को छाया वी.एच.एन.डी./यू.एच.एन.डी. सत्र पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाय। प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को आच्छादित करने हेतु सत्र पर एक समय में 10 से अधिक बच्चे एकत्र न हो। आशा द्वारा उन्हें कुछ अन्तराल पर ही सत्र पर बुलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश मातेंनहेलिया, सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने घर घर तिरंगा के लिए किया जागरूक



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ ने चलो गांव की ओर के तहत अकराबाद ब्लॉक के कटहरा आलमपुर पर एक बैठक की जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष नेम सिंह सोलंकी ने की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र पाल सिंह ने कहा कि हमारे देश की आजादी के 75 वर्ष होने पर घर-घर तिरंगा कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सभी पदाधिकारी गांव गांव घर घर जाकर लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें युवा जिलाध्यक्ष सौरभ तोमर ने कहा कि घर पर तिरंगा फहराने से हमारे बच्चों में एवं युवाओं में देश भक्ति की भावना जागृत होगी युवा जिला महामंत्री चीकू ठाकुर ने कहा कि युवाओं की टीम घर-घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुट है एवं घर पर तिरंगा लगाने के लिए बच्चे हो या युवा सभी में जोश है बैठक में नीरज प्रताप सिंह,अमित प्रताप सिंह, संदीप तोमर, अखिलेश तोमर,राहुल सिंह,शम्भू चौहान,तनुज प्रधान,कुलदीप मयंक पंकज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे

# जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कार्यो में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही - कलेक्टर सह जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्ष सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टेट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों के समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मिशन के तहत पंचायतों में अब तक किए गए कार्यों तथा लंबित देयकों के भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराने कहा तथा लंबित भुगतान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सोलर ड्यूल पंप से संबंधित कार्यों को 15 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने कहा तथा अप्रारंभ कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पुराने अनुबंध के कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में उपस्थित ठेकेदारों से जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में आ रही परेशानियों के बारे में पूछी तथा तेजी से कार्य करने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में पंचायतों को जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हे शामिल करने कहा तथा बिजली कनेक्शन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विद्युत विभाग से समन्वय कर शीघ्र विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने ऐसे ठेकेदार जिनके कार्य समय सीमा से बाहर हो गए है, उन्हे नोटिस देने तथा संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर उन्हे ब्लैक लिस्टेड करने कहा। बैठक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आर के उरांव सहित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार उपस्थित थे।

# यूनिसेफ द्वारा मुरादाबाद की मलिन बस्तियों में मल्टी सेक्टर सोशल सर्बिस डिलीवरी "उड़ान" कार्यशाला सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कमिश्नरी सभागार में उड़ान कार्यक्रम के अर्न्तगत यूनिसेफ द्वारा मुरादाबाद की मलिन बस्तियों में मल्टी सेक्टर , सोशल सेक्टर, सर्बिस डिलीवरी हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों का आह्वान किया कि वे मेहनत, लगन एवं कर्तव्य निष्ठा तथा जनसेवा की भावना से समर्पित होकर कार्य कर मलिन बस्तियों में प्रभावी सर्बिस डिलीवरी सुनिश्चित करें, ताकि समाज के दबे कुचले एवं वंचित वर्ग शासकीय विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। आयुक्त ने इस कार्यशाला के माध्यम से उड़ान 2.0 कार्यक्रम को यूनिसेफ के सहयोग



से मल्टी सेक्टर प्लानिंग की पद्धति अपनाकर पूरे नगरीय मुरादाबाद क्षेत्र की चिन्हित 80 मलिन बस्तियों में अर्बन माइक्रो प्लान बनाकर लागू करने पर बल दिया तथा इस हेतु अपर आयुक्त बी0एन0 यादव को इस कार्यक्रम के लिए नोडल आफिसर नामित किया। आयुक्त ने अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अपने विभागीय कार्यो को चैलेंज एवं चुनौती के रुप में करेंगे तो निश्चित रुप से कार्यों में आशाजनक प्रगति आयेगी। कमिश्नर ने महिलाओं एवं बालकों हेतु संचालित वन स्टाप सेन्टर एवं चाइल्ड लाइन सेवाओं को प्रोएक्टिव एवं जनोन्मुखी बनाये जाने के निर्देश दिये तथा डूडा विभाग की योजनाओं की प्रगति की धीमी एवं असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाडियों एवं आशाओं को टेऊनिंग करवाये जाने पर बल देते हुए कहा कि धरातल पर कैसे कार्य होता है इसका प्रशिक्षण प्रदान किया जाये तथा विभाग केवल आंकड़े दर्शाने में ही नही अपितु ठोस एवं वास्तविक कार्य करने की कार्य पद्धति विकसित रहें। इस अवसर पर यूनिसेफ के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक डा0 अमित मल्होत्रा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी सरकारी विभागों को मिलकर ऐसी कार्ययोजना का निर्माण करना है ताकि मलिन बस्तियों में रह रहे सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की जा सके और यहाँ हाशिये पर रह रहे लोगों को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। इसी उदेश्य को लेकर जिले में कार्यरत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी गतिविधियों से कार्यालय में उपस्थित सभी को अवगत कराया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य, श्रम, शिक्षा, नगर निगम, डूडा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण, बाल कल्याण एवं पुष्टाहार, के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला में यूनिसेफ द्वारा सभी विभागों की कार्ययोजना बननें में सहयोग प्रदान किया गया और विभागों द्वारा अपनी अपनी योजना का विस्तृत रूप से प्रेजन्टैशन किया गया। कार्यशाला के दौरान मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया की योजना बनाते समय कुछ मूलभूत बातों को जरूर ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि शासकीय योजना में प्रभावी रूप से लागू की जा सके। उनका कहना था की जब तक हम स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर नहीं देंगे तब तक हम समाज में अपेक्षित परिवर्तन नहीं ला सकेंगे। इसलिए योजना में इसे महत्वपूर्ण स्थान देने की जरूरत है। साथ ही हमे मिलकर प्रयास करना चाहिए कि बच्चों और महिलाओं की जरूरत के अनुसार अपने प्रयास जारी रखें। इस क्रम में आयुक्त ने हर बस्ती में पुस्तकालय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य के संबंध में उनका निर्देश था की हमें संचारी रोग के रोकथाम के साथ साथ क्षय रोग को भी कम करने की योजना पर काम करना चाहिए क्योंकि मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों में इससे ग्रसित होने की संभावनाएं अधिक होती हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह निर्देशित किया कि प्रत्येक मलिन बस्ती में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अग्रणी रूप से स्वास्थ्य तथा पोषण के लाभार्थियों के चयन हेतु प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन बी0एन0 यादव, प्रोबेशन अधिकारी नरेश चैहान, पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, बीएसए बुद्धप्रिय सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, उप श्रमायुक्त सहित यूनिसेफ की ओर से हर्षा मेहता, विक्रम कुमार, अर्पित पाल, दिनेश कुमार, सत्यवीर, सरोज श्रीवास्तव, के अलावा सिफ्सा, एनएचएम, बाल विकास, शिक्षा आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हल्की सी बरसात ने ब्लॉक खुटार में खोल दी सारे विकास कार्यों की पोल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- जनप्रतिनिधि, जिम्मेदार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की चाहे कितने भी दावे कर रहे हो लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य केवल कागजों पर ही नजर आ रहे है। विकासखंड खुटार की ग्राम पंचायत छापा बोझी के ग्रामीण सड़क नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं से अभी तक वंचित हैं। गांव में बनी कच्ची सड़कों पर हल्की सी बारिश में पानी भर जाता है जिससे लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है, ग्रामीणों की माने तो गांव में तैनात सफाई कर्मचारी भी कभी कभार ही खानापूर्ति करते नजर आते हैं जिसके चलते गांव में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। नगर के तिकुनिया चौराहे पर गुरुद्वारा के पास शाहजहांपुर से पलिया जाने वाले हाईवे पर बरसात का पानी भरा हुआ है। जहां से राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है जहां पर पुलिया बंद होने के कारण पानी का निकास नही हो रहा है, जिसके कारण हल्की बरसात होते ही बरसात का पानी भर जाता है। उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसमे कई बाइक सवार पानी में गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं। लेकिन वहां से प्रतिदिन गुजरने वाले जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, का बिल्कुल ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। खुटार से




गोला रोड बाईपास ईट भट्टे के पास से गांव रसवां कलां सैजनिया होते हुए मोहम्मदी तक जाने वाली सड़क बहुत ही खराब है।सड़क का नामोनिशान मिट गया है पूरी सड़क गड्ढों से भरी पड़ी है, लेकिन कोई जिम्मेदार इस पर कोई ध्यान नही दे रहे हैं। जिससे रसवां कलां में जलभराव की समस्या बनी रहती हैं।जलभराव होने के कारण बहां दुर्गंध आती हैं। जिससे आस पास में रहने बाले लोग काफी परेशान हैं। पास ही प्राथमिक विद्यालय के पास पानी भरा हुआ है।जिससे बिद्यालय जाने बाले छोटे छोटे बच्चों को आने जाने में बहुत परेशानी होती हैं। लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। गांव में जलभराव होने के कारण कोई भी बीमारी फैल सकती हैं।ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है। तिकुनियां




खुटार से इटौआ को जाने वाली सड़क पर रामदास वर्मा के मकान के पास हल्की सी बारिश होने पर पानी भर जाता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को बहुत दिक्कत होती है। इसी मार्ग पर एक विद्यालय मौजूद हैं। विद्यालय आने जाने में बच्चों को काफी दिक्कत होती है।कई बार लोग गिर कर चोटिल हो चुके हैं। इस तरफ कोई भी जिम्मेदार धन नहीं दे रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Chinese objection


Chinese imperialism continues to increase tension in global politics. His aggression towards areas which he considers to be his part, only on paper, is totally unjustified. His indecisive tendencies are not limited to just claims, but go ahead and make statements and show displeasure with his actions. No democracy or peace-loving country will appreciate the tension China has created over US leader Nancy Pelosi's visit to Taiwan. If China is seeing US Speaker Pelosi's visit to Taiwan as a challenge, then the message should reach it in clear words. Through Pelosi's visit, the US has in a way corrected China by challenging the Taiwan issue. Taiwan's independent existence is not new. It is a sovereign nation, but the Chinese communist regime wants to realize the aggressive dreams cherished during its heyday. This is in a way a result of the growing Chinese power in the world. He is creating such tensions as a strategy that his imperialist dream can easily be realized. Nancy Pelosi has left Taiwan for South Korea. The special thing is that earlier China had tried to create such a situation that American leaders should refrain from coming to Taiwan. In a way, China had threatened to take direct military action. However, the US has also justifiably made clear its intention not to bow down. Today it is necessary to protect the sovereignty of small countries located in the neighborhood of big and aggressive countries. By law, China should show more responsibility, but it has only resolved its border with Russia as part of the strategy. He continues to have border disputes with other countries including India. It is now clear that Russia is with China in every way. Somewhere the Russian leader Putin's plan is also imperialistic and that is why he is fighting a war with Ukraine. This is a matter of concern for India. If powerful countries start claiming neighboring countries or their land in this way, then what form will this wrong trend take in future? Not a single liberal or small country can survive. Ignoring nationality, tradition, history, where will this ongoing fight for the plot of land stop?“Regrettably, even the United Nations has no cure for this wrong practice of dream-borne claims. The United Nations is a failure in the face of neo-imperialism. Can't expect much more than that. We have already seen the role of United Nations in Russia-Ukraine issue. The approval of both Russia and China is required in the United Nations. The two, if combined, could render UN efforts ineffective. So, what will be the future of Taiwan? Will China take military action? Will the US, who recently fled Afghanistan, land its forces in Taiwan? Now China has asked for intimidation of Taiwan that it will exercise near Taiwan. However, Taiwan has also shown full strength. If the world will not stand with Taiwan, then believe me, the world will be engaged in a war of occupation just like in the Middle Ages. Countries that remain silent today will probably have to pay some price in the future.

## Shweta Tiwari's 21 year old daughter did a bold photoshoot for Dabboo Ratnani,



'Kasauti Zindagi Ki' actress Shweta Tiwari is not interested in which identity today. Shweta Tiwari has done many hit TV shows in her career. Along with this, she has also appeared in Bhojpuri movies. Like Shweta, her daughter Palak Tiwari is also in a lot of headlines these days. Palak is becoming very stylish and bold day by day. Along with acting, Palak is also very active on social media. Every day, Palak Hot makes fans crazy through her photoshoots. Meanwhile, Palak Dabboo has been in the news for doing a photoshoot for Ratnani. The video of Palak's photoshoot is becoming increasingly viral on social media. Photoshoot done for Dabboo Ratnani- Actress Palak Tiwari has got a photoshoot done for Bollywood's famous photographer Dabboo Ratnani. The video of that photoshoot is becoming increasingly viral on social media. Dabboo is also seen with Palak in the video. During this, Palak is wearing a red color deep neck sequence one piece dress. Her one piece dress is very short. Palak is seen posing in different styles in this dress. With this one piece dress, Palak has styled her hair open. The high heels of Palak are completing her entire look. Fans are very fond of this video. You have shared this on Instagram by Dabboo Ratnani. Commenting on this, the fans are not tired of praising Palak. His own video made in front of the mirror - Let us tell you that earlier Palak Tiwari had shared a video on his Instagram account. In this video, wearing an off-shoulder bralette, she was seen making a video of herself in front of the mirror. Palak was wearing matching pants at the bottom with this bralette. During this Palak's hair is open and she was seen making a video of herself in the mirror from her mobile.

## Mithilesh Chaturvedi Passes Away: Gadar fame Mithilesh Chaturvedi passes away



Senior Bollywood actor Mithilesh Chaturvedi has passed away. According to the report, he was taken to the hospital late in the evening due to chest pain. After his health deteriorated, he was brought to Lucknow and there he breathed his last. The actor was suffering from a heart ailment. According to reports, he died due to a heart attack, as soon as he complained of pain, the actor was taken to his hometown Lucknow. But he died late night due to a heart attack there. Did work in these hit films - These great actors working in the industry for a long time were part of many big Bollywood films. These films include 'Koi... Mil Gaya' with Hrithik Roshan, 'Gadar Ek Prem Katha' with Sunny Deol, 'Satya', 'Bunty Aur Babli'. Nazar was about to appear in the web series - According to reports, the late actor had also signed a web series with Manini Dey named 'Tally Jodi'. Last year it was reported that this actor was also selected for many upcoming series. However, it has not been disclosed which are these series.

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

# प्रदेश

www.knlslive.com

05 August 2022



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी का कार्यवृत्त,

# सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस लाईन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद एटा द्वारा की गयी सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी का कार्यवृत्त, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा/सैनिक सम्मेलन की बैठक की गयी जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/थानाप्रभारी / शाखा प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अपराध गोष्ठी में निम्न बिन्दुओं पर दिशानिर्देश दिये गये- 1. पुलिस अधि0/कर्मचारीगण द्वारा पूर्व में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु समीक्षा कर सम्बंधित को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। 2. आगामी मुहर्रम, रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस और श्री कृष्ण जन्माष्टमी आदि त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारी/ थानाध्यक्षों को अपने अपने थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनपद में सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। 3. सभी थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में चिन्हित किए गए कुख्यात अपराधियों के सत्यापन एवं उनके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 4. अवैध शराब के निर्माण, अपमिश्रित शराब की बिक्री एवं तस्करी पर शत-प्रतिशत कार्यवाही की जाए। 5. संपत्ति जब्तीकरण हेतु चिन्हत किए गए अपराधियों के संबंध में कई जाने वाली कार्यवाही ।6. गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही हेतु प्रस्तावित गैंगचार्ट के संबंध में समीक्षा। 7. सभी अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अपने अधीनस्थों को गाईड करें, क्षेत्राधिकारी स्वयं क्षेत्र में निकले ड्यिूटीरत अधीनस्थों को चैक करें, उनकी किसी भी समस्या को संज्ञान लेते हुये उसका तत्काल निराकरण करायें। 8. लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा वांछित/वारण्टी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाये। 9. जनशिकायती प्रार्थना पत्र, आईजीआरएस प्रकरण में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जायें। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने सर्किल के थानों पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की रैण्डम चैकिंग की जाये। सभी थानाध्यक्ष पीड़ित/आवेदक से स्वयं वार्ता कर उनकी समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी करें। 10. ऑपरेशन पहचान से संबंधित अपराधियों के सत्यापन हेतु संबंधित को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 11. शासन की मंशानुरूप चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्राड टीम द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच कर महिला/बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया 12. सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों/ बाजारों में लगने वाले अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 13 . समस्त थाना प्रभारियों को यातायात जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। 14. पॉक्सो एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के मामलों में उत्कृष्ट विवेचना व प्रभावी पैरवी करते हुए अतिशीघ्र सजा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया 15. अवैध शराब तथा अवैध व्यापार से अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति का चिन्हीकरण कराकर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अवैध संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 16 . समस्त थाना प्रभारियों को लावारिस माल मुकदमाती वाहनों के शीघ्र निस्तारण/ नीलामी हेतु निर्देशित किया गया। 17. सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना व्यवहार उच्चकोटि का रखें। नियमानुसार वर्दी धारण करें। आचरण में सौम्यता एंव शालीनता रखी जाये। दुर्व्यवहार की शिकायत पर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। गोष्ठी के अन्त में सभी राजपत्रित अधिकारियों से अपना पर्यवेक्षण सुदृढ रखते हुये उक्त बिन्दुओं पर अधीनस्थों द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरन्तर अनुश्रवण कर वॉछित कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने की अपील की गयी।



## वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में लगाया अर्द्धशतक, जनपद भर से 71 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ऑपरेशन 卐क्लीन स्वीप卐 के तहत जनपदीय पुलिस की बड़ी कार्यवाही, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में लगाया अर्द्धशतक, जनपद भर से 71 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान *ऑपरेशन क्लीन स्वीप* के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से *71 वारंटी अभियुक्तों को* गिरफ्तार किया गया है।

## आयकर विभाग ने तंबाकू व्यापारियों के यहां मारा छापा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज में आयकर विभाग की बड़ी छापेमारी आयकर विभाग ने तंबाकू व्यापारियों के यहां मारा छापा दो सगे तंबाकू व्यापारी भाइयों की गोदाम और मकान पर आयकर विभाग की छापेमारी रसूल अहमद और रईस अहमद दोनों भाई हैं तम्बाकू व्यवसायी, इनकी कंपनियों पर आयकर विभाग का छापा टीम में शामिल है लगभग डेढ़ दर्जन लोग आयकर विभाग की टीम ने घरों के दरवाजों को अंदर से किया लॉक कासगंज जिले की पटियाली कस्बे के रहने वाले हैं दोनों तंबाकू व्यवसाई भाई. आयकर विभाग की छापेमारी से क्षेत्र के तंबाकू व्यवसायियों में हड़कंप

## एटा नें कासगंज को अपने से अलग किया



योगेश मुदगल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज जनपद को प्रशासनिक व्यवस्थाओ से तो अलग कर दिया गया था,परंतु अभिलेखों से अलग नहीं किया गया था। शासन के निर्देशों के तहत एटा प्रशासन द्वारा कासगंज जनपद के भूलेख पत्रावालियो को कासगंज प्रशासन को सुपुर्द करना शुरू कर दिया है। जिसके तहत ट्रक में भर कर राजस्व एवं बंदोबस्त संबंधी अभिलेख जिसमें परगना उलाई, सोरो, पचलाना, फैजपुर, बदरिया, आदि के भूलेख कासगंज कलेक्ट्रेट अभिलेखगार में सुरक्षित पंहुचा दिए गये।

शासन के इस निर्देश के कारण जनपद कासगंज के अधिवक्ताओ व आम जनमानस को एटा नहीं भागना पड़ेगा. वही सरकारी विभागो को भी छोटे छोटे कार्यो के लिए भी एटा नहीं आना पड़ेगा जिससे समय भी बचेगा व कासगंज के विकास के कार्यों में भी तेजी आएगी। बाकी परगनाओ के अभिलेख जल्द पहुंचने वाले है

## NSUI पेण्ड्रा ने पेण्ड्रा कॉलेज में लगाया हेल्प डेस्क



ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही -आज डॉ भवँर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेन्ड्रा में हृस्ढु पेण्ड्रा के साथियों द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया जहां कॉलेज में अभी 2022--23 के शिक्षा सत्र में प्रवेश चल रहा है

बहुत से छात्र जो कि दूर ग्रामीण अंचल से आते है उनको बहुत सी जानकारियां नही मिल पाती उसी कड़ी में आज ठ्ठ्ह्ढ के द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया जिससे छात्रों को हो रही छोटी छोटी समस्याओं को सुनकर उनको कॉलेज प्रबंधन को उससे अवगत कराया गया आज के इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से रियांश सोनी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शशांक शर्मा ठ्ठ्ह्ढ प्रतिनिधि सौम्य मेघानी सागर कश्यप आकाश काशी आकिब खान प्रियंका अंकित काजल मुख्यरूप से उपस्थित हुए ।

# चौकी रेवटी पुलिस ने रेत चोरी कर परिवहन कर रहे 2 ट्रेलर वाहन किया जप्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- अवैध रेत परिवहन एवं चोरी में लिप्त व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे होगी सख्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों को अवैध रूप से रेत परिवहन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूवार को चौकी रेवटी पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर रेत चोरी कर परिवहन कर रहे 2 ट्रेलर वाहनों सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी रेवटी की पुलिस रेत चोरी कर परिवहन की सूचना पर चौकी के सामने नाकाबंदी लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान रेत से लदे 2 ट्रेलर वाहन वहां पहुंचे जिसकी तलाशी लेने पर उसमें रेत लोड पाया गया। वाहन चालकों से ट्रेलर में लोड रेत का वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। दोनों ट्रेलर वाहनों में लोड़ रेत चोरी का होने पर धारा 379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए रेत लोड ट्रेलर क्रमांक यूपी 50 डीटी 0127 एवं ट्रेलर क्रमांक यूपी 53 एचटी 1229 दोनों वाहन कीमती करीब 40 लाख एवं रेत कीमत करीब 20 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी बृजराज यादव पिता पंचम यादव उम्र 28 वर्ष ग्राम लारपुर, थाना मुबारकपुर जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश एवं राजेश यादव पिता बाबुराम यादव उम्र 28 वर्ष ग्राम सैदपुर, थाना महाराजगंज, जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। रेत चोरी कर झिलमिली से उत्तरप्रदेश की ओर ले जा रहे थे। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी शिवकुमार खुटे, प्रधान आरक्षक मोरिस खाखा, अखिलेश यादव, आरक्षक बलिन्दर खलखो, शैलेन्द्र सिंह व धीरन सिंह सक्रिय रहे।

# लगभग 2 सप्ताह से पूर्व माध्यमिक शाला सपहा के स्कूल में नहीं मिल रहा है मध्यान भोजन, भूखे प्यासे पढ़ने को मजबूर है बच्चे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत सपहा में पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल मे लगभग दो सप्ताह से बच्चों को मध्यान भोजन नहीं दिया जा रहा है बच्चों ने बताया कि दो सप्ताह से घर से खाना खाकर आते हैं इसके बाद स्कूल छुट्टी हो जाने के बाद घर जाने पर ही खाना मिलता है स्कूल के द्वारा मध्यान भोजन नहीं दिया जाता है इस कारण कई बच्चे भूख लगने पर लंच में ही घर चले जाते हैं जबकि शासन एक तरफ सभी स्कूलों में मध्यान भोजन के लिए मेनू चार्ट बनाकर रखी है कि 1 सप्ताह में सात प्रकार बच्चों के लिए भोजन मिल सके लेकिन माध्यमिक शाला सपहा में दाल चावल ही बच्चों के नसीब में नहीं है इस बात को लेकर प्रधान पाठक से पूछा गया तो पूर्व माध्यमिक शाला सपना के प्रधान पाठक रामसूरत जायसवाल के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में सोसाइटी है उसी सोसाइटी से बच्चों के लिए चावल मिलता है लेकिन दो सप्ताह से सोसाइटी के सेल्समैन के द्वारा चावल नहीं दिया जा रहा है इस कारण बच्चों का मध्यान भोजन नहीं बन पा रही है और जब सोसाइटी के सेल मेन से जानकारी ली गई तो सेल्समैन के द्वारा बताया गया कि हमने माध्यमिक शाला सपहा में चावल दिया है अगर ऐसा है तो स्कूल में जाकर के पता कर रहा हूं जबकि यह शिक्षा मंत्री के गृह जिला एवं क्षेत्र है इसके बाद भी स्कूलों का हाल ऐसा है अब आगे यह देखना है कि क्या इस स्कूल में अधिकारियों के द्वारा जांच करते हुए करवाही की जाती है कि नहीं

## आवागमन सुव्यवस्थित करने यातायात पुलिस व नगर पालिका ने चलाया गया अभियान

रामचंद्र जायसवाल - दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर नगर में यातायात को सुव्यवस्थित करने एवं आवागमन को सुगम व बाधारहित बनाने के मद्देनजर यातायात पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। इस दौरान आवागमन को बाधित करने वाले फल एवं सब्जी के दुकानों को हटाया गया। साथ ही व्यापारियों व आमजनों को दुकानों के बाहर सामान न निकालने एवं वाहनों को सड़क पर खड़ा न करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग देने कहा।अग्रसेन चौक के पास से सब्जी व फल के दुकाने अव्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे थे इन दुकानों को वहां से हटाया गया इससे यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है।


## नशीली दवाईयों के साथ 1 गिरफ्तार, चौकी करंजी पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में बुधवार को चौकी करंजी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम खरसुरा ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति नशीली दवाई बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिसकी बाजारू कीमत करीब 12 हजार रूपये है। मामले में धारा 21( सी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी करंजी लव कुमार पांडेय, एएसआई मनोज द्विवेदी, प्रधान आरक्षक विकास सिंह, सुनील भारती, आरक्षक राजकुमार सिंह, इमरान खान, सत्य नारायण सिंह, मनोज सिंदार, नितेश मिश्रा, चंद्रप्रकाश पाल व सैनिक प्रदीप गुप्ता सक्रिय रहे।

# सड़क पर आवारा घूम रहे 29 मवेशियों को पकड़कर भेजा गया गौशाला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- शहर से गुजरने वाली एन-43 के मुख्य चौराहों से लेकर बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर डेरा जमाए आवारा पशुओं को पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा काउ कैचर में भरकर गौशाला पहुंचाया जा रहा है। दो दिन में 29 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा जा चुका है। मवेशियों के कारण लगने वाले जाम, सड़क दुर्घटना को रोकने तथा सुगम यातायात को लेकर यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में नपा अध्यक्ष श्री के.के.अग्रवाल व सीएमओ बसंत बुनकर के मार्गदर्शन में नियमित जारी है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय की मौजूदगी में नगर पालिका की टीम ने सड़कों पर आवारा घुम रहे मवेशियों को काउ कैचर में भरकर मानी गौशाला पहुंचाया। शहरवासियों ने कहा कि इस अभियान से राहत मिली है। यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क पर मवेशियों का झुंड रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था, मवेशियों के कारण आवागमन बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाएं भी हो रहे थे। उन्होंने कहा कि सुगम यातायात एवं आमजनता की सुरक्षा के लिए मवेशी मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने मवेशियों को घर में बांधकर रखे समझाइश के बाद भी सड़क पर मवेशी घुमते पाए जाने पर मवेशी मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका के सफाई जमादार संतोष महोदिया, सफाई कमाण्डो अजित सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर के निर्देशानुसार 1 से 7 अगस्त 2022 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना तथा शिशुओं एवं बच्चों के रूग्णता की दर कुपोषण, शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। विश्व स्तनपान सप्ताह हेतु वर्ष 2022 का थीम स्टेप अप फॉर ब्रेस्टफीडिंग एजुकेशन एंड सपोर्ट है। वर्ष 2015-16 के मुकाबले वर्ष 2020-21 में अर्ली इनिटेशन ऑफ ऑफ ब्रेस्टफीडिंग दर में गिरावट आई है जिसे बढ़ाने हेतु टैगलाईन ये मौका छूटे ना अंतर्गत अभियान चलाया जायेगा। इस आयोजित सप्ताह में विकास खण्ड स्तर पर कार्यशाला, प्रदर्शनी, फिल्म, परिचर्चा इत्यादि उपक्रमों का आयोजन किया जावेगा। विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत प्रश्नोत्तरी एवं प्रतियोगिता- पंचायत, केन्द्र स्तर पर छोटे समूहों में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में सीमित संख्या में प्रतिभागियों को सामाजिक दूरी, मास्क एवं स्वच्छता के साथ उपस्थित किया जाना है। कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 1 अगस्त को जिले के सभी आंगबनाड़ी केन्द्रों में नारा लेखन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिले के सभी विकासखण्डो से लगभग 5500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आगामी 1 सप्ताह तक विभिन्न प्रकार के वृहद कार्यक्रमों का आयोजन विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत् किया जाना है।

# आवागमन सुव्यवस्थित करने यातायात पुलिस व नगर पालिका ने चलाया गया अभियान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर नगर में यातायात को सुव्यवस्थित करने एवं आवागमन को सुगम व बाधारहित बनाने के मद्देनजर यातायात पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। इस दौरान आवागमन को बाधित करने वाले फल एवं सब्जी के दुकानों को हटाया गया। साथ ही व्यापारियों व आमजनों को दुकानों के बाहर सामान न निकालने एवं वाहनों को सड़क पर खड़ा न करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग देने कहा। अग्रसेन चौक के पास से सब्जी व फल के दुकाने अव्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे थे हटाया गया इससे यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आमलोगों को आवागमन में अनावश्यक रूप से कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है।